**संख्या-4-2583/77-3-14-52(एम)/2014**

प्रेषक,

अनिल कुमार,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

लखनऊ।

**औद्योगिक विकास अनुभाग-3 लखनऊ:दिनांक: 27 जनवरी, 2015**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2014-15 में "आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना" के क्रियान्वयन हेतु भूमि क्रय/अर्जन हेतु अतिरिक्त धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक यूपीडा के पत्र संख्या-1600/यूपीडा/14/216, दिनांक 24.12.2014 "आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना" के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹55,97,32,460.00 (रूपये पचपन करोड़ सत्तानबे लाख बत्तीस हजार चार सौ साठ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

http://shasanadesh.up.nic.in

(1)उपर्युक्त ₹55,97,32,460.00 (रूपये पचपन करोड़ सत्तानबे लाख बत्तीस हजार चार सौ साठ मात्र) की धनराशि जिलाधिकारी, लखनऊ के भूमि क्रय/अर्जन हेतु अतिरिक्त धनराशि की मांग के



अन्तर्गत डिपाजिट खाते में जमा किये जाने की शर्त के साथ उपलब्ध करायी जा रही है।

(2)धनराशि का आहरण् एकमुश्त न करके केवल तात्कालिक आवश्यकतानुसार फेजिंग करते हुए किया जायेगा, तथा आहरित धनराशि यूपीडा अथवा अन्य किसी के बैंक खाते में नहीं रखी जायेगी।

(3) धनराशि सक्षम स्तर के अनुमोदन से नियमानुसार व्यय की जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि को व्यय किये जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014,दिनांक 22.07.2014 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4)धनराशि का लेखा-जोखा यूपीडा द्वारा रखा जायेगा तथा मासिक व्यय विवरण संबंधित से प्राप्त कर वित्त विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र बी0एम0-13 में वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6 एवं औद्योगिक विकास अनुभाग-3, उ0प्र0शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

2. उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत की जा रही ₹55,97,32,460.00 (रूपये पचपन करोड़ सत्तानबे लाख बत्तीस हजार चार सौ साठ मात्र) का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में उद्योग विभाग की अनुदान संख्या-7 के लेखाशीर्षक-"5054-सड़कों तथा

http://shasanadesh.up.nic.in

सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-03-राज्य राजमार्ग-337-सड़क निर्माण कार्य-03-आगरा से लखनऊ एक्सप्रेस वे परियोजना-24 बृहद निर्माण कार्य" के नामें डाला जायेगा।



3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-24/दस-2015, दिनांक 22 जनवरी,2015 में उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

**<u>संख्या-2583(1)/77-3-14-तददिनांक</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1.महालेखाकार,(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2.महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3.मुख्य कार्यपालक अधिकारी,यूपीडा,पर्यटनभवन,गोमतीनगर लखनऊ।
4. मुख्य/ वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6, औद्योगिक विकास अनुभाग-2।
7. वित्त (आय-व्ययक्) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4 ।
8.गार्ड पत्रावल।

http://shasanadesh.up.nic.in

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in